

पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-08 | शुक्रवार, दिनांक-20 मार्च, 2015 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सदन की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अपराह्न तक ।

[1] **प्रश्नोत्तर काल :-**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 अल्पसूचित प्रश्न क्रम संख्या-10 एवं 11 स्थगित ।

(iii) 18 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(v) 42 तारांकित प्रश्न अनागत ।

''तारांकित प्रश्न क्रम संख्या-228 के उत्तर से मा० सदस्यों के असंतुष्ट होने एवं उनके द्वारा मांग किए जाने के बाद आसन से घोषणा की गयी कि इस प्रश्न की जाँच प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति करेगी ।''

[2] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना अंतर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकत मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री प्रदीप कुमार

(ii) श्री ललन राम

(iii) श्री संजय सिंह (टाइगर)

(iv) श्री दिनेश कुमार सिंह

(v) डा० इजहार अहमद

(vi) श्रीमती नीता चौधरी

[3] **सभा मेज पर प्रतिवेदनों का रखा जाना :-**

(i) मा० सभापति, लोक लेखा समिति श्री ललित कुमार यादव द्वारा समिति का 554वाँ एवं 562वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[4] <u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-

(i) मा० सदस्य डा० प्रमोद कुमार सिंह एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य डा० प्रमोद कुमार सिंह द्वारा पढ़ा गया ।

(ii) मा० सदस्य श्री सदानन्द सिंह एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्य श्री सदानन्द सिंह द्वारा पढ़ा गया ।

''इस दौरान धान क्रय के विषय पर विपक्ष के मा० सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन से बार-बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और अपनी सीट पर जाय परन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 2.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।''

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय 2.00 बजे अप० से 5.00 बजे अप० तक ।

[5] <u>वित्तीय कार्य</u> :-

<u>वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों (कृषि विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग तथा सहकारिता विभाग) पर वाद-विवाद एवं मतदान</u> :-

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा राज्य सरकार की कृषि नीति पर विचार-विमर्श के लिए कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

मा० सदस्य श्री दाउद अली द्वारा पंजाब में बिहार के पूर्णिया जिला के एक ही परिवार के 5 लोगों की संदेहास्पद मौत का मामला उठाया जिस पर मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी ने सरकार की ओर से सूचना का संज्ञान लिया ।

अनुदान की मांग एवं कटौती के प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया

(मा० अध्यासी सदस्य श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी ने आसन ग्रहण किया)

(i) श्रीमती मंजू वर्मा
(ii) श्री रामाधार सिंह
(iii) श्री रणविजय सिंह
(iv) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह
(v) श्रीमती उषा सिन्हा
(vi) श्री संजय सिंह
(vii) श्री दिनेश कुमार सिंह
(viii) डा० मो० जावेद

(मा० अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) श्रीमती ज्योति रश्मि
(x) श्री पवन कुमार जायसवाल
(xi) श्री प्रदीप कुमार

मा० प्रभारी मंत्री, कृषि विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

तदुपरांत मा० सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद का कटौती प्रस्ताव सदन द्वारा अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[6] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 18 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार दिनांक 23 मार्च 2015 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिये स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-20 मार्च, 2015

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।